महत्वपूर्ण एवं खास

टटकेला के ग्राम पंचायत सचिव जयराम डेल्की निलंबित

न्याय साक्षी/रायगढ़। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंदन संजय त्रिपाठी द्वारा जनपद पंचायत लैलूंगा ग्राम पंचायत टटकेला के ग्राम पंचायत सचिव जयराम डेल्की को जनपद स्तरीय समीक्षा बैठकों में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने एवं समय पर जानकारी प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण स्पष्टीकरण दिया गया था, लेकिन समयावधि में समाधानकारक जवाब प्रस्तुत नहीं करने की दिशा में डेल्की को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में डेल्की का मुख्यालय जनपद पंचायत लैलूंगा निर्धारित किया गया है तथा निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

मतदाता जागरूकता के लघु फिल्मों को सिनेमाघरों में प्रदर्शन पर रोक

न्याय साक्षी/रायगढ़। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लघु फिल्मों को जिले में स्थित समस्त सिनेमाघरों में प्रदर्शन कराने के निर्देश पर 90 सेकेण्ड के वीडियो क्लीप को सिटी केबल एवं समस्त सिनेमाघरों में रोस्टर तैयार कर आगामी आदेश तक निःशुल्क प्रसारण एवं प्रदर्शन कराने हेतु निर्देशित किया गया था। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लघु शीर्षक एलएस रजिस्टर एण्ड वेरीफाई हिन्दी का सिनेमाघरों, टीव्ही चैनल एवं सोशल मीडिया तथा मीडिया के अन्य समस्त माध्यमों से प्रदर्शन किए जाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाए जाने का निर्णय लिया गया है। लघु फिल्म के साथ-साथ अन्य मतदाता जागरूकता विषय से संबंधित प्रदर्शित किए जा रहे समस्त लघु फिल्मों का भी प्रदर्शन तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश पर्यन्त स्थगित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

फैनी तुफान से रायगढ़ में हुआ अलर्ट जारी

न्याय साक्षी/रायगढ़। अगले 48 घंटों के भीतर उड़ीसा व आसपास के प्रदेश में फैनी तुफान आने के संकेत मिलने के बाद रायगढ़ व पुसौर ब्लाक सहित आसपास के इलाकों में अर्लट जारी किया गया है और अगले 48 घंटे तक आम लोगों को इस तुफान से बचने के लिए सावधान रहने को कहा गया है। रायगढ़ एसडीएम ने इस संबंध में बताया कि मौसम विभाग से जानकारी मिलने के बाद यह अलर्ट जारी किया गया है। चूंकि रायगढ़ जिला उड़ीसा से लगा हुआ है और तुफान का असर पहले दिन जिले में देखने को मिल चुका है। इसी के लिए अगले 48 घंटों तक फैनी तुफान से आम जनों को सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मीडिया तथा अन्य संसाधनों से क्षेत्र में मुनादी करवाकर लोगों को अलर्ट किया जा रहा है।

मेला में खुडखुडिया पट्टी से जुआ खेलाने वाले पर हुई कार्यवाही

न्याय साक्षी/रायगढ़। बीती रात्रि थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक विवेक पाटले को सूचना मिला कि ग्राम भालूमुडा में मेला में कुछ लोग खुडखुडिया पट्टी से जुआ खेल रहे हैं । सूचना पर थाना प्रभारी तमनार हमराह आरक्षक भीष्मदेव सागर, महेन्द्र सिदार के साथ ग्राम भालूमुडा मेला में जाकर जुआ रेड किये, जहां सेतराम पिता कुमार सिंह राठिया उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम कया थाना घरघोडा खुडखुडीया पट्टी से जुआ खेलता हुआ मिला । आरोपी के पास से एक बांस की टोकरी , 02 नग खुडखुडीया , खुडखुडीया पट्टी, एक नग गैस लैम्प , नगदी रकम 3000 रूपये जप्त किया गया है । आरोपी के विरूद्ध थाना तमनार में धारा 4 (क) जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है ।

चार पुलिस कर्मी हुए सेवानिवृत्त

सम्मान कार्यक्रम में सेवानिवृत्त के परिवारजन भी हुए शामिल

न्याय साक्षी/रायगढ़। जिला पुलिस रायगढ़ में कार्यरत 02 सहायक उप निरीक्षक, एक प्रधान आरक्षक तथा एक आरक्षक के सेवानिवृत्त होने पर विभाग की ओर से सम्मान विदाई दिये जाने हेतु कार्यक्रम पुलिस कन्ट्रोल रूम रायगढ़ में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल की उपस्थित में कार्यक्रम दोपहर करीब 2 बजे कार्यक्रम प्रारंभ हुआ । कार्यक्रम के प्रारंभ में रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे द्वारा सेवा निवृत्त हो रहे सउनि रामलाल सत्यम, सउनि मारकुस टोप्पो, प्रधान आरक्षक धनेन्द्र चौधरी तथा आरक्षक नरेन्द्र सिदार के संक्षिप्त जीवन परिचय से सभी को अवगत कराये । तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक अग्रवाल द्वारा सभी सेवानिवृत्त

पुलिसकर्मियों को शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिहिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया । उसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारियों ने एक-एक कर सभी सेवानिवृत्त को पुष्पगुच्छ/पुष्पहार भेंट कर उनको शुभकामाएं दिये।

सेवा निवृत्त हो रहे सउनि रामलाल सत्यम रक्षित केन्द्र रायगढ़ में लाईन अफिसर के पद पर कार्यरत थे । काफी सरल स्वभाव के रामलाल सत्यम सभी अधिकारी/कर्मचारियों के चहते थे । जवानों को मिलने वाली वर्दी किट आदि की जानकारी रखने के साथ सभी लाईन आर्डर ड्यूटी में अधिकारी/कर्मचारियों को भोजन की व्यवस्था करने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उनकी थी, आज सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उनकी सेवाभाव की तारीफ कर भावुक नजर आये। रक्षित निरीक्षक खूंटे ने कहा की सत्यम के स्थान को भरना बहुत ही मुश्किल साबित होगा । खास बात यह रही कि आज निर्धारित जनरल परेड पर उपस्थित हुये रामलाल सत्यम को अधिकारियों ने जवानों ने सलामी दिये। सेवा निवृत्त सउनि मारकुस टोप्पो काफी दिनों तक थाना पूंजीपथरा, तमनार में अपनी सेवा दिये हैं तथा प्रधान आरक्षक धनेन्द्र चौधरी थाना लैलूंगा, खरसिया, भूपदेवपुर में कार्यरत थे। आरक्षक नरेन्द्र सिदार काफी दिनों से बिमार होने से स्वेच्छिक सेवा निवृत्त के लिए आवेदन दिया था जिसे स्वीकृति मिली है। पुलिस अधीक्षक एवं सभी अधिकारी/कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को आने वाले दिनों एवं अच्चे स्वास्थ्य के लिए शुभकमानाएं दिये । कार्यक्रम में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिवारजन भी उपस्थित थे।

पारिवारिक विवाद के कारण पुत्र ने की पिता की हत्या

रैरूमा खुर्द चौकी का मामला , आरोपी हिरासत में

न्याय साक्षी/रायगढ़। पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द अन्तर्गत ग्राम बोंकी में निवासरत एडमोन मिंज के बडे लड़के सिप्रियन मिंज द्वारा बीती रात्रि अपने पिता के सिर पर पत्थर (शीलनुमा) से मारकर हत्या कर दिया, आरोपी को रैरूमाखुर्द पुलिस ने हिरासत में लिया है ।

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्रि करीब 12 बजे से 01 बजे के मध्य एडमोन मिंज और उसकी पत्नी घर के परछी में बिस्तर पर सो रहे थे उसी समय एडमोन मिंज का बडा बेटा सिप्रियन मिंज पारिवारिक विवाद पर गुस्से से एडमोन मिंज के सिर में एक पत्थर फेककर मारा जिससे एडमोन मिंज के सिर में चोट आकर सिर से खून निकलने लगा और एडमोन मिंज घर के परछी में ही फौत हो गया । मृतक के परिजनों ने बताया कि सिप्रियन मिंज नशे का आदि था अपने पिता से झगड़ा विवाद करता रहता था। मृतक के छोटे लड़के सिलवेस्टर मिंज पिता स्व.एडमोन मिंज 14 साल सा.बोंकी ने घटना की रिपोर्ट चौकी रैरूमाखुर्द में दर्ज कराया, रिपोर्ट पर थाना धरमजयगढ़ में धारा 302 भादंवि दर्ज कर आरोपी सिप्रियन मिंज उम्र 22 वर्ष को हिरासत में लिया है ।

वाटर लेबल गिरा, सूखने लगे बोर व हैंडपंप

न्याय साक्षी/रायगढ़। भारी गर्मी के चलते जिले का वाटर लेबल काफी गिर गया है। वाटर लेबल गिरने से शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में संचालित होनें वाले हैंडपंप व वाटर पंप भी सुखने लगे हैं। इसको लेकर अब नगर निगम वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पर ज्यादा ध्यान देते हुए कालोनी, कार्यालय के अलावा अन्य भवनों में इसे लगाने के लिए अनिवार्य कर दिया है। पिछले साल लगभग डेढ सौ से भी अधिक संस्थानों में अपने-अपने निर्माण स्थल पर वाटर हार्वेस्टिंग लगाने के निर्देश भी दिए गए थे लेकिन इसका पालन नही होनें पर निगम द्वारा सौ से अधिक लोगों को नोटिस देकर जवाब तलब किया है।

चुनाव में बेहतर कार्य के लिए एसपी ने चुनाव सेल के कर्मचारियों की पीठ थपथपाई

न्याय साक्षी/रायगढ़। पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन पर लोकसभा चुनाव 2019 में सुरक्षा व्यवस्था की रूपरेखा तैयार करना तथा केन्द्रीय/अर्द्धसैनिकों बलों के लिये में ठहरने तथा उनके मूव्हमेंट से लेकर जानकारी वरिष्ठ कार्यालय को प्रतिदिन भेजना व अन्य चुनाव संबंधी कार्य करने वाली चुनाव सेल की टीम को कल सुबह करीब 11 बजे पुलिस अधीक्षक राजेश

कुमार अग्रवाल द्वारा अपने कक्ष में बुलाकर सेल के सभी स्टाफ को पुष्प गुच्छ देकर बधाई दिये । पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने सेल प्रभारी सोहन लाल साहू, सहायक उप निरीक्षक थाना कोतरारोड़ को जिला पुलिस का प्रशासनिक अमले एवं केन्द्रीय/अर्द्धसैनिक बलो के साथ बेहतर तालमेल कर जिले में शंतिपूर्ण रूप से चुनाव सम्पन्न करने के लिये उनके टीम को बधाई दिये ।

लू के लक्षण व बचाव के संबंध में दिशा-निर्देश

न्याय साक्षी/रायगढ़। राज्य में तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है जिसके कारण लू लगने की संभावना है। लू लगना खतरनाक एवं जानलेवा भी हो सकता है। लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी होती है। लू के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केसरी ने लू के लक्षण एवं उसके बचाव के संबंध में जनसामान्य को जानकारी दी है।

लू के लक्षण- लू लगने से सिर में भारीपान और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सुखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना एवं बेहोश होने जैसे लक्षण दिखाई पड़ते है। लू लगने पर किए जाने वाला प्रारंभिक उपचार-बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाए, अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलाए जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटा दे, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहे, पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सा या अस्पताल में इलाज के लिए जाए एवं मितानिन अथवा एएनएम से ओआरएस की पैकेट हेतु संपर्क करें।

लू से बचाव के उपाय- लू से बचाव एवं उपाय के लिए धूप मे निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह बांध लें, पानी अधिक मात्रा में पीये, अधिक समय तक धूप में न रहे, गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती के कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखता रहे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं ग्वार्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में तमाम सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480